# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
मानद विश्वविद्यालय (डी–नोवो)
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)

## NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA
Deemed to be University (de-novo)
(Ministry of AYUSH, Govt. of India)


पत्रांकः– एफ. 1(02)शै.प. / कुलसचिव / रा.आ.सं. / 2025 / 3467 दिनांकः 16.06.2025

अध्यक्ष एवं सदस्यगण,
शैक्षणिक परिषद,
राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,
मानद विश्वविद्यालय (डी–नोवो),
जयपुर।

**विषयः– 30–06–2025 को आयोजित हुई शैक्षणिक परिषद की 10वीं बैठक के कार्यवृत्त – के संबंध में।**

आदरणीय महोदय / महोदया,

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय (डी–नोवो), जयपुर की शैक्षणिक परिषद की 10वीं बैठक के कार्यवृत्त, जो माननीय अध्यक्ष के द्वारा विधिवत अनुमोदित है, आपकी सूचना एवं अवलोकन हेतु सादर प्रेषित किये जा रहे हैं। यदि कोई टिप्पणी हो, तो कृपया यथाशीघ्र ई–मेल के माध्यम से भेजें।

धन्यवाद।

भवदीय,
16/6/2025
(प्रो. अनीता शर्मा)
कुलसचिव (प्रभारी)

पत्रांकः– एफ. 1(02)शै.प. / कुलसचिव / रा.आ.सं. / 2025 / 3468-71 दिनांकः 16.06.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संयुक्त रजिस्ट्रार (प्रशासन / शैक्षणिक) एन.आई.ए., डी.यू., जयपुर।
2. उप–निदेशक / प्रशासनिक अधिकारी, एन.आई.ए., डी.यू., जयपुर।
3. प्रभारी (आई.टी.) वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. कुलपति के निजी सचिव, एन.आई.ए., डी.यू., जयपुर।

16/6/2025
कुलसचिव (प्रभारी)

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

**मानद विश्वविद्यालय (डी–नोवो)**
**(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)**
जोरावर सिंह गेट, आमेर रोड, जयपुर– 302002 (राजस्थान)

**दिनांक 30.05.2025 को आयोजित**
**शैक्षणिक परिषद के 10वें उपवेशन के कार्यवृत्त**

**दिनांक एवं समयः–** 30 मई, 2025 को दोपहर 03:00 बजे
**स्थानः –** एम.एस. बघेल समिति हॉल, प्रशासनिक विंग, एनआईए, जयपुर।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः–**

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | कुलपति, प्रोफेसर संजीव शर्मा | अध्यक्ष |
| 2. | डीन (स्नातक) एवं विभागाध्यक्ष, कायचिकित्सा, प्रो. एच.एम.एल. मीणा | सदस्य (पदेन) |
| 3. | डीन (पैरा–मेडिकल) एवं परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी), प्रो. अशोक कुमार | सदस्य (पदेन) |
| 4. | डीन (स्नातकोत्तर) एवं विभागाध्यक्ष, पंचकर्म, प्रो. गोपेश मंगल | सदस्य (पदेन) |
| 5. | डीन (अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन और विदेशी छात्र मामले) एवं विभागाध्यक्ष, द्रव्यगुण, वृक्ष आयुर्वेद, सौंदर्य आयुर्वेद, प्रो. सुदीप्त रथ | सदस्य (पदेन) |
| 6. | डीन (अंतर्विषयक अध्ययन), डॉ. सर्वेश अग्रवाल | सदस्य (पदेन) |
| 7. | डीन (छात्र कल्याण और पूर्व छात्र मामले) एवं विभागाध्यक्ष, रचना शरीर, प्रो. सुनील कुमार यादव | सदस्य (पदेन) |
| 8. | विभागाध्यक्ष, रोग निदान और विकृति विज्ञान, प्रो. सुरेंद्र कुमार शर्मा | सदस्य (पदेन) |
| 9. | विभागाध्यक्ष, आयुर्वेद संहिता और सिद्धांत विभाग, प्रो. निशा गुप्ता | सदस्य (पदेन) |
| 10. | विभागाध्यक्ष, रस शास्त्र और भेषज कल्पना, प्रो. अनुपम | सदस्य (पदेन) |
| 11. | प्रोफेसर, प्रो.असित कुमार पांजा, आयुर्वेद संहिता और सिद्धांत | सदस्य (पदेन) |
| 12. | प्रोफेसर, प्रो.संजय कुमार, रस शास्त्र और भैषज्य कल्पना विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 13. | प्रोफेसर, प्रो.श्रीमती सुमन शर्मा, शल्य तंत्र विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 14. | सह–आचार्य, डॉ. प्रवीण शामराव सावंत, कायचिकित्सा विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 15. | सह–आचार्य, डॉ. श्रीमती रीतू शर्मा, रोग निदान और विकृति विज्ञान | सदस्य (पदेन) |
| 16. | सहायक आचार्य, डॉ. भरत कुमार पढार, कायचिकित्सा विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 17. | सहायक आचार्य, डॉ. क्षिप्रा राजोरिया, पंचकर्म विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 18. | प्रो. कमलेश कुमार शर्मा, पूर्व प्रोफेसर, रा.आ.सं., जयपुर | सदस्य (गैर–पदेन) |
| 19. | प्रो. ओमप्रकाश दाधीच, पूर्व प्रोफेसर, रा.आ.सं., जयपुर | सदस्य (गैर–पदेन) |
| 20. | प्रो. नरिंदर सिंह, संयुक्त कुलसचिव, शैक्षणिक (प्रभारी) | सदस्य (पदेन) |
| 21. | प्रो. अनीता शर्मा, कुलसचिव (प्रभारी) एवं विभागाध्यक्ष, अगद तंत्र | सचिव (पदेन) |

वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित सदस्य :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डीन (पीएच.डी.) एवं विभागाध्यक्ष, क्रिया शरीर, **प्रो. सी. आर. यादव** | सदस्य (पदेन) |
| 2. | **प्रो. के.एन. द्विवेदी**, डीन एवं प्रोफेसर, द्रव्यगुण विभाग, आई.एम.एस., बी.एच.यू. वाराणसी | सदस्य (गैर–पदेन) |
| 3. | **प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला**, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर, डी.एस.आर.आर.ए.यू., जोधपुर<br>सदस्य (गैर–पदेन) | सदस्य (गैर–पदेन) |
| 4. | प्रो. राजश्री आर. कोलारकर, प्रोफेसर,के जी. मित्तल आयुर्वेदिक कॉलेज, मुंबई | सदस्य (गैर–पदेन) |
| 5. | **प्रो. सतीश कुमार गंर्धव**, आचार्य, रा.आ.सं., पंचकुला | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 6. | **प्रो. सुनिता यादव**, सहायक आचार्य, रा.आ.सं., पंचकुला | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 7. | विभागाध्यक्ष, शाल्कय तंत्र विभाग, **प्रो. शमशा फियाज** | सदस्य (पदेन) |
| 8. | विभागाध्यक्ष, स्वस्थवृत्त विभाग, **प्रो. दुर्गावती देवी** | सदस्य (पदेन) |
| 9. | प्रोफेसर, **प्रो.बी. पुष्पलता**, प्रसूति तंत्र और स्त्री रोग विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 10. | प्रोफेसर, **प्रो. बालकृष्ण सेवतकर**, रोग निदान और विकृति विज्ञान | सदस्य (पदेन) |
| 11. | प्रोफेसर, **प्रो.गुलाब चंद पमनानी**, शालाक्य तंत्र विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 12. | प्रोफेसर, **प्रो.उदय राज सरोज**, कायचिकित्सा विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 13. | सह–आचार्य, **डॉ. प्रभाकर वर्धन**, शालाक्य तंत्र विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 14. | विभागाध्यक्ष, प्रसूति तंत्र और स्त्री रोग विभाग, **प्रो. भारती के** | सदस्य (पदेन) |
| 15. | सहायक आचार्य, **डॉ. अभिषेक उपाध्याय**, कायचिकित्सा विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 16. | सहायक आचार्य, **डॉ. कुमारी मनोरमा सिंह**, शल्य तंत्र विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 17. | सहायक आचार्य, **डॉ. सोनू**, प्रसूति तंत्र और स्त्री रोग विभाग | सदस्य (पदेन) |

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रति–कुलपति एवं विभागाध्यक्ष, शल्य तंत्र, **प्रो. पी. हेमंथ कुमार** | सदस्य (पदेन) |
| 2. | **प्रो. महेश दीक्षित**, प्राचार्य, मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद कॉलेज, उदयपुर | सदस्य (गैर–पदेन) |
| 3. | डीन (अनुसंधान) एवं विभागाध्यक्ष, बालरोग, **प्रो. निशा ओझा** | सदस्य (पदेन) |
| 4. | सह–आचार्य, **डॉ. हरीश भाकुनी**, कायचिकित्सा विभाग | सदस्य (पदेन) |
| 5. | सह–आचार्य, **डॉ. रवि कुमार**, स्वस्थवृत्त विभाग | सदस्य (पदेन) |

माननीय कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, अध्यक्ष, शैक्षणिक परिषद ने सभी सदस्यों का औपचारिक रूप से स्वागत किया। अध्यक्ष महोदय ने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता में निरंतर सुधार हेतु शैक्षणिक परिषद के महत्व पर संक्षिप्त टिप्पणी की। उन्होंने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के ऑफ–कैंपस सेंटर (राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकुला) की स्थापना के लिए जारी किये गए लेटर ऑफ इंटेंट (LOI) एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा इस शैक्षणिक वर्ष में पहली बार राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकुला का सफलतापूर्वक निरीक्षण किये जाने के बारे में सूचित किया।

**टिप्पणी**: अध्यक्ष महोदय ने यह भी सुझाव दिया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकुला में पीजी कार्यक्रम शुरू करने की अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही जल्द से जल्द शुरू की जाए। अतः यह निर्णय लिया गया कि इस संबंध में चर्चा और आगे की प्रक्रिया के लिए अकादमिक परिषद के अगले उपवेशन में एक कार्यसूची को प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने अकादमिक परिषद के सदस्य (गैर–पदेन), प्रोफेसर (डॉ.) महेश दीक्षित, प्राचार्य, मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, उदयपुर को उनकी सेवानिवृत्ति पर हार्दिक आभार और शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। इसके अतिरिक्त, अध्यक्ष महोदय ने एजेंडा नोट्स को हिंदी में तैयार करने की पहल की सराहना की और धीरे–धीरे पूर्ण रुप से हिंदी को शामिल करने का सुझाव दिया।

तत्पश्चात्, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रोफेसर अनीता शर्मा, रजिस्ट्रार (प्रभारी) एवं सचिव, शैक्षणिक परिषद की ओर से प्रोफेसर नरिंदर सिंह, संयुक्त रजिस्ट्रार (शैक्षणिक) ने चर्चा और विचार–विमर्श के लिए एजेंडा मदों को प्रस्तुत किया।

| | |
|---|---|
| **कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.1** | **9वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।** |

शैक्षणिक परिषद को सूचित किया गया कि परिचालित कार्यवृत्त पर कोई आपत्ति/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। अतः गहन समीक्षा के बाद शैक्षणिक परिषद ने 20 मार्च, 2025 को आयोजित 9वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

| | |
|---|---|
| **कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.2** | **9 वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक की वर्तमान स्थिति/कार्यवाही रिपोर्ट (ATR) की सूचना।** |

शैक्षणिक परिषद ने 20 मार्च, 2025 को आयोजित 9वीं बैठक में चर्चा किए गए एजेंडा मदों पर की गई कार्रवाई (ATR) और वर्तमान स्थिति रिपोर्ट पर संज्ञान लिया। शैक्षणिक परिषद ने कार्यवाही रिपोर्ट पर वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति की गहन चर्चा और समीक्षा की।

**टिप्पणी**: अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही रिपोर्ट के कार्यान्वयन को प्राथमिकता देने पर पुनः बल दिया और सदस्य सचिव, शैक्षणिक परिषद को अगली शैक्षणिक परिषद की बैठक से पहले संकायाध्यक्षों (Deans) और हितधारकों के साथ एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया, जिसकी अध्यक्षता वे स्वयं करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य शैक्षणिक परिषद की पिछली सभी बैठकों में अनुमोदित सभी एजेंडा मदों की वास्तविक कार्यान्वयन स्थिति का मूल्यांकन करना और अनुपालन संबंधी विसंगतियों को दूर करना होगा।

| | |
|---|---|
| **कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.3** | **नियमित और पुराने बैच 2024–25 के पीजी कार्यक्रम के लिए शैक्षणिक कैलेंडर का पुष्टिकरण ।** |

शैक्षणिक परिषद ने समीक्षा की और पाया कि इस एजेंडा मद को अनुमोदन की आवश्यकता है, न कि केवल पुष्टिकरण की। अतः परिषद ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा पीजी कार्यक्रम के लिए जारी नियमित और पुराने बैच 2024–25 के अकादमिक कैलेंडर को अनुमोदित किया। इसके अतिरिक्त यह सिफारिश भी की गई कि सभी कार्यक्रमों के शैक्षणिक कैलेंडर में आयुर्वेद दिवस की तिथि को अद्यतन किया जाए।

**टिप्पणीः** उन्होंने शैक्षणिक परिषद को सूचित किया कि भारत सरकार ने 23 मार्च 2025 को जारी राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से प्रत्येक वर्ष **23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस** मनाने हेतु आधिकारिक तिथि के रूप में नामित किया है। यह बदलाव धनतेरस पर आयुर्वेद दिवस मनाने की पिछली प्रथा से एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, जो एक परिवर्तनीय चंद्र कैलेंडर का अनुसरण करता है। 23 सितंबर को शरद विषुव (autumnal equinox) होता है, जब दिन और रात लगभग बराबर होते हैं। यह खगोलीय घटना प्रकृति में संतुलन का प्रतीक है, जो आयुर्वेद के दर्शन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन पर जोर देता है।

| | |
|---|---|
| **कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.4** | **नए NCISM पाठ्यक्रम के अनुसार पीजी कार्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन।** |

शैक्षणिक परिषद ने पीजी कार्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा जारी नए पाठ्यक्रम के अनुसार अपनाए जाने पर संज्ञान लिया।

| | |
|---|---|
| **कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.5** | **आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी.– आयुर्वेद)/आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.– आयुर्वेद) पाठ्यक्रम के लिए संशोधित नियमों और विनियमों का अनुमोदन, जो पीजी बैच 2024–25 से प्रभावी होंगे।** |

शैक्षणिक परिषद ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) के दिशानिर्देशों के अनुपालन में आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी.–आयुर्वेद)/आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.–आयुर्वेद) पाठ्यक्रम के मौजूदा और संशोधित नियमों के मुख्य बिंदुओं पर गहन तुलनात्मक चर्चा के बाद संशोधित नियमों एवं विनियमों को बैच 2024–25 और उसके बाद से प्रभावी करने की संस्तुति की और अनुमोदित किया। इस दौरान दो आपत्तियां दर्ज की गईं और तदनुसार निम्नलिखित सिफारिशें सुझाई गईं:–

1. परिषद ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) राजपत्र अधिसूचना के अनुसार खंड 15.11 (शोध प्रबंध मूल्यांकन) तालिका संख्या 7 को सुधारने की सिफारिश की।
2. परिषद ने खंड 26 (पीजी अनुसंधान अनुदान के उपयोग की नीति) को तब तक रोकने की सिफारिश की जब तक इस उद्देश्य के लिए गठित समिति की सिफारिशें प्राप्त नहीं हो जातीं। यह उल्लेखनीय है कि यह खंड बैच 2024–25 और उसके बाद के भावी छात्रों पर लागू होगा।

| | |
|---|---|
| **कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.6** | **डीन और एसोसिएट डीन पी.जी. की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का अनुमोदन।** |

शैक्षणिक परिषद ने डीन और एसोसिएट डीन (पीजी) की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की समीक्षा की और उन्हें अनुमोदित किया। अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि अन्य संकायाध्यक्षों (डीन) को भी अपने संबंधित संकायों के डीन और एसोसिएट डीन की विस्तृत – स्पष्ट भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ तैयार करनी चाहिए।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.7 | स्नातकोत्तर (पीजी) छात्र गाईड मान्यता प्रमाण पत्र का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक ने गाईड मान्यता प्रमाण पत्र जारी करने की आवश्यकता और चुनौतियों पर गहन चर्चा और समीक्षा के बाद, स्नातकोत्तर (पीजी) छात्र गाइड मान्यता प्रमाण पत्र को वार्षिक रूप से जारी करने की शर्त के साथ अनुमोदित किया।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.8 | पीजी अनुसंधान अनुदान के उपयोग के लिए दिशानिर्देशों का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने अनुसंधान अनुदान के बजट अनुमानों में बड़े पैमाने पर पाई गई विसंगतियों और असमानताओं पर चर्चा की, जिससे ऑडिट आपत्तियां आ रही थीं। परिषद की अनुमति से अध्यक्ष महोदय ने अनुसंधान अनुदान के उपयोग के लिए दिशानिर्देश/एसओपी (SOP) का मसौदा तैयार करने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति का गठन किया :

| क्र. सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. गोपेश मंगल, डीन (पीजी) एवं विभागाध्यक्ष, पंचकर्म | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. अनुपम, विभागाध्यक्ष, रस शास्त्र एवं बी.के. | सदस्य |
| 3. | प्रो. असित कुमार पांजा, प्रोफेसर, आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत | सदस्य |
| 4. | प्रो. छाजू राम यादव, डीन (पीएच.डी.) एवं विभागाध्यक्ष, क्रिया शरीर | सदस्य |

समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। ये दिशानिर्देश उन छात्रों के बैचों पर लागू होंगे जो बैच 2024–25 से पहले के हैं और जिनके अनुसंधान बजट अनुमान अभी तक अनुमोदित नहीं हुए हैं।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.9 | नए NCISM नियमों के अनुसार पीजी बैच 2024–25 के प्रथम सेमेस्टर की अंकतालिका के प्रारूप का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) के नए नियमों के अनुसार पीजी बैच 2024–25 के लिए प्रथम सेमेस्टर की मार्कशीट के प्रारूप की समीक्षा की और उसे अनुमोदित किया। यह सुझाव दिया गया कि दस्तावेजों के मसौदा प्रारूपों में नाम/पहचान को मानक प्रारूप दिशानिर्देशों के अनुसार छिपाया जाना चाहिए।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.10 | एम.एस.सी. (आईडीएस कार्यक्रम) में थीसिस की सात (07) प्रतियों के स्थान पर चार (04) हार्ड कॉपी प्राप्त करने के प्रावधान का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने अनावश्यक औपचारिकता को रोकने और पर्यावरण–अनुकूल परिसर को बढ़ावा देने हेतु एम.एस.सी. (IDS कार्यक्रम) में थीसिस की 07 प्रतियों के स्थान पर 04 हार्ड कॉपी प्राप्त करने के प्रस्ताव की समीक्षा की और उसे अनुमोदित किया।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.11 | आईडीएस कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम के संशोधन के लिए अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने एम.एस.सी. ( IDS कार्यक्रम) के पाठ्यक्रम की समीक्षा और संशोधन के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से अनुमोदित किया, ताकि इसे वर्तमान और उभरती हुई डोमेन–विशिष्ट आवश्यकताओं के साथ संरेखित किया जा सके। इस संबंध में, डीन (आईडीएस) इस उद्देश्य के लिए एक पाठ्यक्रम समिति का गठन कर सकते हैं जो एक मसौदा पाठ्यक्रम तैयार करेगी।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.12 | आयुर्वेद आहार एवं पोषण विभाग में प्रवेश के लिए पोषण, व्यायाम और स्वास्थ्य में बैचलर ऑफ वोकेशन (बी. वोक) डिग्री की पात्रता का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने एम.एस.सी. – आयुर्वेद डाइट और न्यूट्रिशन (पोषणाहार) आईडीएस कार्यक्रम में प्रवेश के लिए बैचलर ऑफ वोकेशन (बी. वोक) इन न्यूट्रिशन, एक्सरसाइज एंड हेल्थ डिग्री को पात्रता के रूप में शामिल करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.13 | इंटरडिसिप्लिनरी कोर्सेज की मूल्यांकन योजना में संशोधन का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने आईडीएस कार्यक्रम की संशोधित मूल्यांकन योजना के प्रस्ताव को आगामी परीक्षा चक्र से लागू करने के लिए अनुमोदित किया, जिससे मूल्यांकन संबंधी बाधाएँ समाप्त होंगी।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.14 | नए प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों को शुरू करने के प्रस्तावों का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने शैक्षणिक पहल के तहत 2 नए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के प्रस्तावों को अनुमोदित किया, जो इस प्रकार हैं :

1. व्यक्ति की ''प्रकृति'' का आकलन
2. एकीकृत कार्डियोलॉजीः हृदय स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद, योग और आधुनिक चिकित्सा का संयोजन

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.15 | प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश और परीक्षा की प्रक्रिया हेतु प्रस्तावित एसओपी/दिशानिर्देशों में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा और अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश और परीक्षा प्रक्रिया के लिए बनाए गए एसओपी ( SOP) में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा की और उन्हें अनुमोदित किया। अध्यक्ष महोदय ने सर्टिफिकेट कोर्स में एकरूपता लाने पर पुनः बल दिया एवं यह निर्देश दिया गया कि नए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के प्रस्तावों को बोर्ड ऑफ स्टडीज (पैरा–मेडिकल) में अनुमोदन के बाद ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए और तदनुसार समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.16 | **राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला (सेटेलाइट केंद्र) द्वारा बी.ए.एम.एस. स्नातकों को इंटर्नशिप सुविधा प्रदान करने के प्रावधान का अनुमोदन ।** |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के प्रचलित नियमों और विनियमों के अनुसार राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकुला (ऑफ–कैंपस) में बी.ए.एम.एस. स्नातकों को इंटर्नशिप सुविधा प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया। यह भी सिफारिश की गई कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के बी.ए.एम.एस. छात्र रा.आ.सं., पंचकूला में या रा.आ.सं., पंचकूला के छात्र रा.आ.सं., जयपुर में इंटर्नशिप कर सकते हैं, बशर्ते राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के छात्रों से कोई निर्धारित शुल्क नहीं लिया जाएगा।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.17 | **राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला के सभी अकादमिक कार्यक्रमों के लिए नामांकन संख्या आवंटित करने हेतु एसओपी का अनुमोदन।** |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने इस एजेंडा पर गहन और विस्तृत चर्चा के बाद, राजस्थान विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रचलित नामांकन संख्या (Enrollment No.) आवंटित करने की प्रणाली को अपनाने की सिफारिश की। इस क्रम में डीन यू. जी. शीघ्र प्रक्रिया शुरू करेंगे।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.18 | **परीक्षा नियंत्रक अनुभाग से प्राप्त प्रस्तावों का अनुमोदन।** |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने निम्नलिखित की समीक्षा की और अनुमोदित किया :–

1. एम.डी./एम.एस. (आयु.) बैच – 2020 और 2021 के अध्येताओं की सूची एम.डी./एम.एस. (आयुर्वेद) की उपाधि प्रदान करने हेतु।
2. पीएच.डी. बैच 2021 के चार अध्येताओं की सूची पीएच.डी. (आयुर्वेद) की उपाधि प्रदान करने हेतु।
3. अगले 3 वर्षों के लिए यूजी, पीजी और आईडीएस परीक्षाओं हेतु बाहय परीक्षकों का पैनल।
4. संस्थान से उत्तीर्ण स्नातकों और स्नातकोत्तरों को ट्रांसक्रिप्ट (Transcript) जारी करने का प्रस्ताव, जो अपनी डिग्री के आधार पर विदेश में नौकरी पाना चाहते हैं। ट्रांसक्रिप्ट में छात्र द्वारा पाठ्यक्रम में प्राप्त अंकों का विवरण होगा और यह छात्र के अनुरोध पर ₹1500/– का निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद जारी किया जाएगा। परिषद ने ट्रांसक्रिप्ट के प्रारूप को भी अनुमोदित किया।

**टिप्पणीः** प्रोफेसर के. एन. द्विवेदी ने सुझाव दिया कि संस्थान को अपनी वेबसाइट पर ट्रांसक्रिप्शन के साथ प्रत्येक कार्यक्रम की विस्तृत पाठ्यक्रम सामग्री/सिलेबस/परिणाम का खुलासा करना चाहिए, जिससे इसे तदनुसार सत्यापित किया जा सके।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.19 | बी.ए.एम.एस और एम.डी. छात्रों के लिए प्रस्तावित आई.पी.आर क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम का अनुमोदन। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने छात्रों को बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPRs) के बारे में जागरूक करने के लिए निम्नलिखित प्रस्तावों को अनुमोदित किया :

1. यूजी छात्रों के लिए आईपीआर का सामान्य परिचय पर 2 क्रेडिट पॉइंट का अनिवार्य सर्टिफिकेट कोर्स।
2. आईपीआर प्रबंधन, नवाचार और डिज़ाइन थिंकिंग पर 4 क्रेडिट पॉइंट का बेसिक सर्टिफिकेट कोर्स पीजी, पीएच.डी. छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए।

ये दोनों कोर्स आईपीआर और टीटी (टेक्नोलोजी ट्रांसफर) सैल, एनआईए द्वारा शुरू और आयोजित किए जाएंगे। कोर्स का विवरण **संलग्नक – अ** पर दिया गया है।

**अतिरिक्त एजेंडा :**

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.20 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकुला में पंचकर्म तकनीशियन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की अनुमति। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकुला में पंचकर्म तकनीशियन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की समीक्षा की और उसे अनुमोदित किया। यह कोर्स आगामी शैक्षणिक वर्ष से 30 छात्रों का बैच शुरू होगा। यह कोर्स एनआईए, जयपुर द्वारा संचालित चल रहे पंचकर्म तकनीशियन सर्टिफिकेट कोर्स के प्रचलित नियमों के अनुरूप चलेगा। कोर्स की शुरुआत से पहले वित्त समिति का अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

| कार्यसूची क्रमांक ए.सी. 10.20 | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के पीजी और पीएच.डी. कार्यक्रमों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित करने की स्वीकृति। |
|---|---|

शैक्षणिक परिषद ने दीक्षांत समारोह आयोजित करने के प्रस्ताव की समीक्षा की और उसे अनुमोदित किया। यह भी चर्चा की गई कि इस कार्यक्रम के विस्तृत कार्यक्रम एजेंडा के लिए वित्त समिति से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है।

**टिप्पणी:** अध्यक्ष महोदय ने डीन (आईडीएस) को विभिन्न अंतःविषयक विषयों में पीएच.डी. प्रदान करने की प्रस्तावित योजना के निष्पादन के लिए एक स्थायी समिति गठित करने का निर्देश दिया।

प्रोफेसर (डॉ.) अनीता शर्मा, शैक्षणिक परिषद की सचिव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई।

16/6/2023

**प्रो. अनिता शर्मा**
**कुलसचिव (प्रभारी)**
**(सचिव)**